प्रभात खबर कोलकाता सोमवार, 23 जनवरी, 2006

कोलकाता के अर्नव बना रहे हैं बॉलीवुड में पहचान

अर्नव चक्रवर्ती

कोलकाता, 22 जनवरी : बॉलीवुड में गायकी के क्षेत्र में कोलकाता का अरनब चक्रवर्ती अपनी एक अलग पहचान बनाने में जुटा हुआ है. फिल्म 'खाकी' में अक्षय कुमार के लिए एक गीत गाकर अरनब सुर्खियों में छाया था. एक बार फिर निर्देशक राजकुमार संतोषी ने अपनी नयी फिल्म 'फैमिली' में अक्षय कुमार के लिए गीत गवा कर बॉलीवुड में उसकी जगह पक्की कर दी है. इस फिल्म में अरनब ने तीन गीत गाये हैं. अरनब विज्ञापनों के लिए जिंगल्स भी गा चुका है. इनमें एयरटेल, पौंड्स, विमल, सैमसंग आदि के विज्ञापन शामिल हैं. अरनब ने बताया कि छह साल पहले वह कोलकाता से मुंबई आया था. अपनी आवाज का डेमो टेप बना कर संगीतकारों के दफ्तरों के खूब चक्कर काटे. इस दौरान रीमिक्स, जिंगल्स व क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों में गीत गाने का मौका मिला. अब हिंदी फिल्मों में एंट्री मिल गयी है. उसका कहना है कि वह लंबी दूरी तय करना चाहता है. अरनब के गीत 'वादा रहा', 'कतरा-कतरा', 'जनम-जनम', 'क्विक बाइट' काफी हिट रहे हैं.